महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून, उत्तराखण्ड
Women Institute Of Technology, Dehradun, Uttarakhand
(An AICTE Approved, Government Institute, Affiliated to Uttarakhand Technical University)
UTU New Campus, Post Office Chandanwadi, Premnagar, Sudhowala, Dehradun (Uttarakhand). Pin - 248007
Website : www.wit.ac.in | E-mail: directorwit2012@gmail.com | Contact : 9568255551

Ref. No. 5961/DIR/WIT/2020 Date: 14/01/2020

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून

विषयः– महिला प्रौद्योगिकी संस्थान सुद्धोवाला देहरादून में सरकार द्वारा सहयोग पोर्टल के माध्यम से छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक को संज्ञान में लेते हुए आपको अवगत कराना है कि महिला प्रौद्योगिकी संस्थान सुद्धोवाला, की स्थापना राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में छात्राओं के तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बढावा देने हेतु वर्ष 2012 में की गई है। यह संस्थान अ0भा0त0शि0प0 द्वारा अनुमोदित व उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से affiliated संस्थान है तथा वर्तमान में स्वीकृत पांच शाखाओं में कुल 1200 सीट अनुमोदित है।

महोदय, जैसा कि विदित हो महिला प्रौद्योगिकी संस्थान राज्य का एक मात्र महिला प्रौद्योगिकी संस्थान है तथा राज्य के सुदूर दुर्गम ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्र से साधारण एवं कमजोर पृष्टभूमि की छात्राए संस्थान में तकनीकी क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त कर स्वामलम्बी बनने हेतु प्रवेश लेती हैं।

महोदय, आपको अवगत कराना है संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं के रहने के लिए वर्तमान में कोई भी छात्रावास नही है जिससे उन्हे रहने की निजी व्यवस्था करनी पडती है। जिसके कारण छात्राओं को निम्नलिखित परेशानियों का सामना करना पड़ता है:–

1. साधारण पृष्टभूमि से आने के कारण छात्राओं को निजी छात्रावास वित्तिय दृष्टि से अत्यंत मंहगे पड़ते है।
2. छात्रायें देर शाम या रात्रि में प्रोजेक्ट कार्य, पुस्ताकालय, कम्पयूटर लैबइत्यादि सुविधाओं का समुचित लाभ उठाने से वंचित रह जाती है।
3. आने जाने में अत्यंत समय की बर्बादी होती है जिसका सदुपयोग वो पठन–पाठन कार्य में करके शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ा सकती है।
4. सुरक्षा की दृष्ठि से अभिभावक चिंतित रहते है अतः सुरक्षा कारणों से अभिभावक अपनी कन्याओं को छात्रावास वाले संस्थान में Admission दिलाने को प्राथमिकता देते हैं।

महोदय, संस्थान एक स्ववित्त पोषित संस्थान है तथा उक्त कारणो से संस्थान का निजी छात्रावासना होने के कारण कई छात्राऐं संस्थान में प्रवेश नहीं लेती हैं जिस कारण संस्थान को वित्तीय नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

महोदय, विषय की गहनता को दृष्टिगत रखते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण कराना नितान्त आवश्यक है, इस हेतु संस्थान परिसर में भूमि भी उपलब्ध है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि छात्राओं की सुरक्षा व संस्थान हित को दृष्टिगत रखते हुए छात्राओं हेतु 400 बैडेड (200 कमरे) का छात्रावास जिसमें प्रत्येक कमरें में दो छात्राओं की रहने की व्यवस्था हो, का छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु सरकार द्वारा योजित सहयोग पोर्टल (promoting gender equlity) के माध्यम से सरकार स्तर पर सहायता प्रदान कर अनुग्रहित करने की कृपा करें।

भवदीय

Alakananda Ashok

(डॉ0 अलकनन्दा अशोक)
निदेशक

महिला तकनीकी संस्थान
सुद्धौवाला देहरादून
उत्तराखण्ड

प्रतिलिपिः– कार्यालय प्रति।